**दिनांक– 17.11.2020 एवं 18.11.2020 को क्रमशः सुपौल, मधेपुरा एवं सहरसा जिले के विशेष सर्वेक्षण कार्यों के भ्रमण के दौरान पर्यवेक्षण पश्चात प्रतिवेदनः–**

सुपौल :–

1. सुपौल जिले में पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, श्री शैलेश कुमार यादव जिला बंदोबस्त कार्यालय में योगदान कर लगातार अनुपस्थित हैं।
2. सुपौल जिले के चार अंचलों के 255 मौजा में से किसी भी मौजों का ऑर्थो मैप हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है।
3. हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा पूरे जिले में मात्र 2 ई0टी0एस0 और 4 कर्मी उपलब्ध कराये गए है।
4. प्रतिनियुक्त सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा एस0एस0 मानचित्र एवं सी0एस0/आर0एस0 मानचित्र के अध्ययन तथा स्थलिय निरीक्षण पश्चात् त्रिसीमाना एवं मुश्तकिल के पहचान की कार्रवाई की जा रही है, परन्तु ऑर्थो मैप एवं कॉडिनेट अनुपलब्ध रहने के कारण इन मुश्तकिल एवं त्रिसीमाना को नियत करने में कठिनाई है और अशुद्धि हो सकती है।
5. प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा मोबाईल से खतियान स्कैन कर तथा कैथी लिपि का एप के आधार पर प्रपत्र–5 के लेखन का कार्य किया जा रहा है।
6. जिला के सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मु0) का ई–मेल आई0डी0 बदल गया है जिस कारण उन्हें मेल नहीं पहुँचता है। सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल एवं श्री अनुज कुमार गिरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को निदेशित कर दिया गया है कि सभी जिला बंदोबस्त कार्यालय के सहायक बंदोबस्त कार्यालय (मु0) का ई–मेल आई0डी0 अद्यतन कर उन्हें संसुचित कर दें।
7. चिन्हित अंचलों के अभिलेखागार के आधुनिकीकरण हेतु टेंडर किया गया है। कार्यादेश निर्गत नहीं किया गया है।
8. पिपरा अंचल में प्रपत्र–6 के इन्द्राज एवं खानापुरी पर्चा वितरण की स्थिति में है परन्तु भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर कार्य करने हेतु जिला बंदोबस्त कार्यालयों को उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण अग्रेतर कार्रवाई बाधित है।
9. शिविरों को सामग्री उपलब्ध नहीं कराया गया है।

सिंघेसर, मधेपुरा :–

1. हवाई एजेंसियों द्वारा पूरे जिले के लिए मात्र एक ई0टी0एस0 एवं 2 कर्मी उपलब्ध कराए गए है।
2. कुमारखंड अंचल का एस0एस0 मानचित्र हवाई एजेंसी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है और इस कारण कार्य बाधित है।
3. हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा मौजों का ऑर्थो मैप एवं कॉडिनेट उपलब्ध नहीं कराया गया है।

4. प्रतिनियुक्त सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा एस0एस0 मानचित्र एवं सी0एस0/आर0एस0 मानचित्र के अध्ययन तथा स्थलिय निरीक्षण पश्चात् त्रिसीमाना एवं मुश्तकिल के पहचान की कार्रवाई की जा रही है, परन्तु ऑर्थो मैप एवं कॉडिनेट अनुपलब्ध रहने के कारण इन मुश्तकिल एवं त्रिसीमाना को नियत करने में कठिनाई है और अशुद्धि हो सकती है।
5. विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो एवं अमीन को तकनीकी सामग्री उपलब्ध करायी गई है परन्तु अमीन को तख्ती तिपाई उपलब्ध कराया जाना शेष है।
6. शिविरों को उपस्कर आदि उपलब्ध नहीं कराया गया है।
7. प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा मोबाईल से खतियान स्कैन कर तथा कैथी लिपि का एप के आधार पर प्रपत्र–5 के लेखन का कार्य किया जा रहा है।
8. चिन्हित अंचलों के अभिलेखागार के आधुनिकीकरण हेतु आवंटन उपलब्ध है परन्तु अग्रेतर कार्रवाई नहीं की गई है।

<u>सहरसा :–</u>

1. हवाई एजेंसियों द्वारा पूरे जिले के लिए मात्र एक ई0टी0एस0 एवं 2 कर्मी उपलब्ध कराए गए है।
2. कुमारखंड अंचल का एस0एस0 मानचित्र हवाई एजेंसी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है और इस कारण कार्य बाधित है।
3. हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा मौजों का ऑर्थो मैप एवं कॉडिनेट उपलब्ध नहीं कराया गया है।
4. प्रतिनियुक्त सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा एस0एस0 मानचित्र एवं सी0एस0/आर0एस0 मानचित्र के अध्ययन तथा स्थलिय निरीक्षण पश्चात् त्रिसीमाना एवं मुश्तकिल के पहचान की कार्रवाई की जा रही है, परन्तु ऑर्थो मैप एवं कॉडिनेट अनुपलब्ध रहने के कारण इन मुश्तकिल एवं त्रिसीमाना को नियत करने में कठिनाई है और अशुद्धि हो सकती है।
5. जिला अभिलेखागार द्वारा खतियान उपलब्ध कराने में बाधा उत्पन्न की जाती है ऐसी सूचना समीक्षा के दौरान बताया गया है।
6. समीक्षा के दौरान बताया गया कि सहरसा जिले में आवश्यकतानुसार से अत्यधिक कम विशेष सर्वेक्षण अमीन पदस्थापित किया गया है। सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मु0) ने नवनियोजित होने वाले विशेष सर्वेक्षण अमीनों में से कुछ को सहरसा जिले में पदस्थापित करने का अनुरोध किया।
7. समीक्षा के दौरान बताया गया कि विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो एवं अमीन को तकनीकी सामग्री उपलब्ध करा दी गई है।
8. चिन्हित अंचल के अभिलेखागार के आधुनिकीकरण हेतु आवंटन उपलब्ध कराये जाने के पश्चात जिला स्तर से किसी प्रकार की अग्रेतर कार्रवाई नहीं हुई है।

**मंतव्य एवं प्रस्ताव :–**

1. हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा ऑर्थो मैप कोओडिनेट के साथ एवं ई0टी0एस0 तथा कर्मी उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण वस्तुतः सर्वेक्षण कार्य बाधित है।
2. शिविरों को उपस्कर, लेखन सामग्री आदि उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण कार्य बाधित है।
3. प्रपत्र–3(1), 3(ii), 5 एवं 6 सहित अमीन डायरी की कमी के कारण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है।
4. शिविर कार्यालयों के साफ–सफाई हेतु कोई व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में जिला स्तर से कार्रवाई अपेक्षित है।
5. शिविर कार्यालयों में तथा कर्मियों द्वारा क्षेत्र में कार्य करने के दौरान विधि व्यवस्था समस्या उत्पन्न न हो इस संबंध में जिला स्तर से संबंधित थानों को निदेश अपेक्षित है।
6. विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो, अमीन एवं सहायकों को अवकाश लेने हेतु समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी के स्तर से पदाधिकारी को प्राधिकृत करना अपेक्षित प्रतीत होता है।

**भ्रमण का निष्कर्ष** :– शिविरों को उपस्कर एवं लेखन सामग्री आदि उपलब्ध करा दिये जाने, अमीन को तकनीकी सामग्री उपलब्ध करा दिये जाने एवं हवाई एजेंसी द्वारा प्रति शिविर कम से कम दो ई0टी0एस0 प्रिज्म सहित और 6 तकनीकी रूप से सक्षम कर्मी उपलब्ध करा दिये जाए के पश्चात् सर्वेक्षण कार्य अबाध गति से चल सकती है। क्षेत्र में पदस्थापित कर्मी कार्य के प्रति सजग एवं जागरूक लगे।

**(मनोज कुमार झा)**
उप सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,

**ज्ञापांक :– शून्य, कैम्प, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय पटना, दिनांक** 23/11/2020

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

**उप सचिव,**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक :– शून्य, कैम्प, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय पटना, दिनांक** 23/11/2020

**प्रतिलिपि** :– निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**उप सचिव,**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक :– शून्य, कैम्प, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय** **पटना, दिनांक** 23/11/2020

**प्रतिलिपि** :– समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी, सुपौल, मधेपुरा एवं सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक :– शून्य, कैम्प, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय** **पटना, दिनांक** 23/11/2020

**प्रतिलिपि** :– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक :– शून्य, कैम्प, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय** **पटना, दिनांक** 23/11/2020

**प्रतिलिपि** :– सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), सुपौल, मधेपुरा एवं सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक :– शून्य, कैम्प, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय** **पटना, दिनांक** 23/11/2020

**प्रतिलिपि** :– GIS Consortium Ltd., New Delhi को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**ज्ञापांक :– शून्य, कैम्प, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय** **पटना, दिनांक** 23/11/2020

**प्रतिलिपि** :– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल / श्री अनुज कुमार गिरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग